प्रकाशनार्थ

14 जून 2025 गोरखपुर

गोरखपुर। विश्व रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोjजन गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेन्टर में किया गया है।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बताया कि 14 जून को प्रतिवर्ष वैज्ञानिक रक्ताधान  विज्ञान के जनक कॉल्स लैंडस्टीनर के जन्म दिवस के अवसर पर विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन स्वैच्छिक और अवैतनिक रक्तदाताओं को समर्पित होता है जो अपने रक्तदान के माध्यम से अनगिनत जीवन बचाते हैं। यह न केवल आभार व्यक्त करने का अवसर है, बल्कि सुरक्षित और नियमित रक्तदान की निरंतर आवश्यकता को उजागर करने का भी समय है।
" डॉ अवधेश अग्रवाल " रक्त देकर आशा प्रदान करें साथ साथ मिलकर हम जीवन रक्षा करें। " इस बात पर प्रकाश डालती है कि रक्तदान न केवल दयालुता का एक सरल कार्य है, बल्कि मानव एकजुटता की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति है जो तत्काल जरूरतमंद लोगों के लिए आशा और उपचार लाती है।
इस रक्तदान शिविर में गुरु श्री गोरक्षनाथ के चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ प्रमोद नायक ( पीडियाट्रिक) रक्तदान कर प्रशंसा जताई तथा निवेश सलाह जो एक संस्था है के डायरेक्टर श्री अशीष श्रीवास्तव ने रक्तदान किया और बताया कि आज विश्व रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर रक्तदान कर अधिक प्रसन्नता हो रही है इनके साथ अन्य 8 लोगों ने भी रक्तदान किया।

आज विश्व रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेन्टर में 40 लोगों ने रक्तदान किया तथा सभी दाताओं को सम्मानित किया गया।